# 2020

# HINDI

## ( Major )

## ( Bhasha-Vigyan )

Paper : 6.2

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) भाषा कैसे ध्वनि-प्रतीकों की व्यवस्था है?

(ख) प्राणत्व के आधार पर व्यंजन ध्वनियों के कितने भेद होते हैं?

(ग) 'रूप' की परिभाषा लिखिए।

(घ) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(ङ) वाक्य-रचना में परिवर्तन क्यों होता है? इसका कोई एक कारण लिखिए।

(च) 'अर्थ' किसे कहते हैं?

(छ) 'दुहिता' शब्द का मूल अर्थ क्या था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) भाषा के किन्हीं चार रूपों का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'शब्द' और 'पद' का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) वाक्य की दो प्रमुख आवश्यकताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) अर्थबोध के किन्हीं चार साधनों के नाम लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 3×5=15

(क) भाषा की प्रमुख विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ख) वर्णनात्मक और तुलनात्मक भाषा-विज्ञान का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) स्वर-ध्वनियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'अर्थतत्त्व' किसे कहते हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ङ) वाक्य को परिभाषित करते हुए इसके प्रमुख तत्त्वों पर आलोकपात कीजिए।

**4.** भाषा की उत्पत्ति विषयक दैवी-उत्पत्ति-सिद्धांत तथा समन्वय-सिद्धांत पर सम्यक् प्रकाश डालिए और इनमें से कौन-सा सिद्धांत ग्रहण-योग्य है, इस पर अपना अभिमत व्यक्त कीजिए। 10

**अथवा**

भाषा-विज्ञान के साथ व्याकरण और मनोविज्ञान के संबंध पर सम्यक् प्रकाश डालिए।





**5.** ध्वनि-परिवर्तन किसे कहते हैं? ध्वनि-परिवर्तन के विभिन्न कारणों पर आलोकपात कीजिए। 10

**अथवा**

संबंधतत्त्व किसे कहते हैं? संबंधतत्त्व के विविध प्रकारों पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

**6.** वाक्य-रचना में ध्यान देने योग्य प्रमुख बातों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 10

**अथवा**

अर्थ-परिवर्तन की विभिन्न दिशाओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

★★★